N.7 : आरआरकेट में जुलाई, 2011 से दिसंबर 2011 के दौरान हिन्दी के प्रचार-प्रसार से संबंधित गतिविधियाँ

राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र, इन्दौर में राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार के क्षेत्र में किए गए कार्यों तथा प्रमुख उपलब्धियों का ब्यौरा निम्नानुसार है :-

राजाभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों का आयोजन : राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 90वीं एवं 91वीं बैठकों का आयोजन क्रमश: 30.09.2011 एवं 12.12.2012 को किया गया, जिसमें प्रगति के 24वें अंक का प्रकाशन, संयुक्त वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन, वाहन चालकों के लिए हिन्दी कार्यशाला और विश्व हिन्दी दिवस समारोह के आयोजन संबंधी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन : केन्द्र के तकनीशियनों के लिए दिनांक 07.07.2011 को एक पूर्ण दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 22 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। इसमें संघ की राजभाषा नीति, लेखा से संबंधित विषय, प्रशासन से संबंधित विषय, यूनिकोड के माध्यम से कंप्यूटर पर हिन्दी में कार्य करने में आने वाली कठिनाइयां तथा क्रय प्रक्रिया विषयों पर व्याख्यान आयोजित किए गए। इसी प्रकार दिनांक 24 दिसंबर 2011 (शनिवार) को आरआरकेट के समस्त वाहन चालकों के लिए हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में कुल 14 प्रतिभागियों को संघ की राजभाषा नीति, पऊवि की गतिविधियां, पऊवि में लागू हिन्दी में काम करने के लिए विभिन्न प्रोत्साहन योजनाएं तथा केन्द्रीय आचरण नियमावली विषय पर प्रशिक्षित किया गया।

हिन्दी दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. पी.डी. गुप्ता, निदेशक आरआरकेट, मुख्य वार्ताकार श्री कृष्णकांत निलोशे, सुप्रसिद्ध साहित्यकार, इन्दौर, श्री बी.के. जेना, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी एवं अध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति एवं श्री जे.एन. सोनी, उप निदेशक (राजभाषा)

हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन : केन्द्र के मुख्य सभागृह में 14 सितंबर को हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वार्ताकार श्री कृष्णकांत निलोशे, प्रमुख साहित्यकार, इन्दौर ने राजभाषा हिन्दी के बढते चरण विषय पर अत्यंत रोचक एवं ज्ञानवर्धक राजभाषा वार्ता प्रस्तुत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. पी.डी. गुप्ता, निदेशक, आरआरकेट थे । इसके अतिरिक्त दिनांक 15.09.2011 से 30.09.2011 तक विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया एवं केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान से हिन्दी आशुलिपि की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर केन्द्र के 12 आशुलिपिकों को सम्मानित किया गया।

आरआरकेट को हिन्दी में उत्कृष्ट कार्यों के लिए राजभाषा शील्ड : राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन तथा हिन्दी के प्रचार-प्रसार के क्षेत्र में वर्ष 2009-10 के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र, इन्दौर को दिनांक 02 नवंबर, 2011 को भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर में परमाणु ऊर्जा विभाग द्वारा आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. सी.बी.एस. वेंकटरमण, संयुक्त सचिव उद्योग एवं खनिज एवं अध्यक्ष राजभाषा कार्यान्वयन समिति, परमाणु ऊर्जा विभाग ने राजभाषा शील्ड प्रदान की। उक्त शील्ड केन्द्र के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी एवं अध्यक्ष राजभाषा कार्यान्वयन समिति श्री बी.के. जेना तथा श्री जय नारायण सोनी, उप निदेशक (राजभाषा) ने प्राप्त की। इस अवसर पर डॉ. पी.डी. गुप्ता, निदेशक, आरआरकेट ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने केन्द्र में चल रही हिन्दी के प्रचार-प्रसार से संबंधित गतिविधियों पर संतोष व्यक्त किया और आशा की कि केन्द्र में हिन्दी की और गतिविधियां जारी रहेगी तथा राजभाषा के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए भरसक प्रयास किए जाएंगे।

भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर में पऊवि द्वारा आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के दौरान मुख्य अतिथि डॉ. सी.बी.एस. वेंकटरमण, संयुक्त सचिव उद्योग एवं खनिज एवं अध्यक्ष राभाकास, पऊवि से हिन्दी में उत्कृष्ट कार्यों के लिए आरआरकेट को प्रदान की गई राजभाषा शील्ड प्राप्त करते हुए श्री बी.के. जेना, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी एवं अध्यक्ष, राभाकास एवं श्री जे.एन. सोनी, उप निदेशक (राजभाषा)

प्रस्तुति :
जय नारायण सोनी (jnsoni@rrcat.gov.in)